प्रेषक,

राकेशधर दुबे,
अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश,
कोर्ट नम्बर–२, फतेहपुर।
आई०डी०–UP2008

सेवा में,

महानिबन्धक,
माननीय उच्च न्यायालय,
इलाहाबाद।

**विषय– जनपद न्यायालय, फतेहपुर से अन्य जनपद न्यायालय में समयपूर्व स्थानान्तरण के सम्बन्ध में।**

महोदय,

ससम्मान निवेदन है कि प्रार्थी जनपद फतेहपुर में माह अप्रैल २०१८ से कार्यरत है तथा माह अप्रैल २०२० में प्रार्थी के दो वर्ष पूर्ण हो जायेंगे।

प्रार्थी का बड़ा पुत्र आदित्यराज दुबे इस समय कक्षा–१२ में अध्ययन कर रहा है तथा कक्षा–१२ उत्तीर्ण होने के उपरान्त जनपद फतेहपुर में उच्च शिक्षा हेतु अच्छे स्कूल/कोचिंग संस्थानों का अभाव है।

प्रार्थी का छोटा पुत्र अभयराज दुबे वर्तमान समय में कक्षा–७ में अध्ययन कर रहा है तथा उसके बेहतर भविष्य को देखते हुए उसे भी अच्छे स्कूल में दाखिला दिलाया जाना आवश्यक है। जहां पर उसकी शिक्षा अच्छी तरीके से हो सके।

श्रीमान जी से निवेदन है कि प्रार्थी के समयपूर्व स्थानान्तरण प्रार्थना पत्र पर सहानुभूतिपूर्वक विचार करने तथा स्थानान्तरण करने की कृपा करें। प्रार्थी एवं उसका परिवार एवं बच्चे इस सहृदयता के लिए सदैव आभारी रहेंगे।

दिनांकः १२.११.२०१९

भवदीय,
12-11-19
(राकेश धर दुबे)
अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश,
कोर्ट नम्बर–२, फतेहपुर।
आई०डी०–UP2008